हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 अप्रैल 2026

06 श्री गणेश मंदिर में हुआ 43वां आदर्श सामूहिक ...



07 शहर के मुक्ति धाम को किया जा रहा है सर्व सुविधायुक्त





## समाचार संक्षेप

### एनएफएल विजयपुर में अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन, जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**राघौगढ़**। विजयपुर स्थित एनएफएल में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में एनएफएल के कार्यकारी निदेशक विनय कुमार गुप्ता एवं इकाई प्रभारी स्वप्निल उबाले सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सप्ताह की शुरुआत 14 अप्रैल को शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर की गई थी। इस दौरान पेंटिंग, क्विज, निबंध प्रतियोगिताएं, फायर मॉक ड्रिल और प्राथमिक अग्निशमन प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को आग से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।



### भगवान परशुराम चौराहे पर लगेगी हाईमास्ट लाइट, नपा अध्यक्ष ने की घोषणा

**गुना**। नगर में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैंट रोड स्थित परशुराम चौराहे पर हाईमास्ट लाइट लगाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता शामिल हुईं। इस दौरान स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका जताते हुए हाईमास्ट लाइट लगाने की मांग रखी। नपा अध्यक्ष ने मांग को स्वीकार करते हुए जल्द ही चौराहे पर हाईमास्ट लाइट लगाने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका आभार जताया।

### शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मार्ग पर सीसी रोड निर्माण से दुकानदारों में खुशी

**आरोन** । नगर में लाल बहादुर शास्त्री बस स्टैंड के पीछे स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मार्ग पर नगर परिषद द्वारा सीसी रोड निर्माण कराए जाने से व्यापारियों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से खराब सड़क की समस्या से परेशान दुकानदारों को अब राहत मिली है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण से आवागमन आसान हुआ है और व्यापार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन ने बताया कि विधायक जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में नगर में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। बस स्टैंड के मुख्य प्रवेश द्वारों का निर्माण जारी है, वहीं करीब 15 वार्डों में सीसी रोड का कार्य पूरा हो चुका है।उन्होंने कहा कि इन कार्यों से शहर की सुविधाएं बेहतर हो रही हैं और आने वाले समय में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी।




### पेट्रोल पंप कर्मचारी से रंगदारी मामले में त्वरित कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

**गुना**। चांचौड़ा थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप कर्मचारी से मारपीट और रंगदारी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।फरियादी राघवेंद्र शिवहरे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 19-20 अप्रैल की रात दो आरोपी पेट्रोल पंप पर पहुंचे और शराब के लिए पैसे मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अनिल मीना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, फरार दूसरे आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### एसपी ने राघौगढ़ थाने का किया औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

**गुना**। राघौगढ़ थाने का पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने रात्रि में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेख, लंबित प्रकरण, मालखाना एवं हवालात की स्थिति की समीक्षा की गई। एसपी ने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।उन्होंने पुलिस स्टाफ को आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने, रात्रि गश्त बढ़ाने और कानून-व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के निर्देश भी दिए।इस औचक निरीक्षण से पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संदेश गया है।



## सड़क पर कब्जा तो जुर्माना तय, बाजार में भारी अतिक्रमण हटाने की तैयारी

# ...और यहां पर हुई सख्ती, 15 साल पुरानी बस की बरामद





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को प्रशासन ने सख्त तेवर दिखाए। अतिक्रमणकारियों और नियम तोड़ने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया। जिसमें एक ओर जहां जय स्तंभ चौराहा से बजरंगगढ़ रोड ओवरब्रिज तक सड़क पर कब्जा जमाए हुए दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 8 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया तो दूसरी ओर वहीं 15 वर्ष से अधिक पुरानी एक बस को जब्त कर थाना यातायात में खड़ा कराया गया। अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा रखे गए सामान, अस्थायी ढांचे और अवैध कब्जों को हटाया गया। ओवरब्रिज के नीचे सड़क पर फैला सामान भी जब्त किया गया। नगर पालिका और यातायात पुलिस की टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अब किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई अब रोजाना जारी रहेगी।

### पुराने वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान

इसी दौरान बस स्टैंड क्षेत्र में थाना यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया। करीब 15 बसों की जांच में बस क्रमांक MP08/0506 निर्धारित आयु सीमा से अधिक पुरानी पाई गई, जिसे तत्काल जब्त कर थाना यातायात परिसर में खड़ा कराया गया। जांच के दौरान कई बसों में परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र संबंधी कमियां भी सामने आईं, जिन पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

### जागरूकता पोस्टर भी लगाए गए

अभियान के साथ ही 'राह वीर योजना' के तहत बसों पर जागरूकता पोस्टर भी लगाए गए, ताकि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आमजन आगे आएं।

प्रशासन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि अब नियम तोड़ने वालों के खिलाफ नरमी नहीं, सिर्फ कार्रवाई होगी।

### लगातार हो रहे हैं यातायात सुधार के प्रयास

पिछले दिनों सदर बाजार में यकायक समस्या उत्पन्न होने के बाद यातायात पुलिस हरकत में आई और तभी से लगातार यातायात को सुगम आवागमन बनाने के प्रयास किया जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा शहर के मुख्य बाजार में भ्रमण करके एवं एलान के माध्यम से सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कलेक्ट्रेट में अर्धनग्न होकर युवक का हाई-वोल्टेज ड्रामा

- 5 लाख लूट की शिकायत लेकर पहुंचा सुनवाई न होने का आरोप।
- कलेक्ट्रेट गेट पर जमकर हंगामा।



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक अर्धनग्न अवस्था में हाथ में फटा हुआ आवेदन लेकर न्याय की गुहार लगाते हुए पहुंच गया। युवक ने आरोप लगाया कि उसके साथ 5 लाख रुपये की लूट हुई है, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत तक दर्ज नहीं की और आवेदन फाड़कर भगा दिया।युवक की पहचान गुना तहसील के ग्राम बरखेड़ागिर्द निवासी खेरू आदिवासी के रूप में हुई है। खेरू का कहना है कि उसने पिछले तीन वर्षों की मेहनत-मजदूरी से करीब 5 लाख रुपये जोड़े थे। यह रकम उसके भांजे की शादी के लिए रखी गई थी।

खेरू के अनुसार, टोल टैक्स के पास कुछ अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और उससे पूरी रकम लूट ली। उसने आरोप लगाया कि बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की, कपड़े फाड़ दिए और नकदी लेकर फरार हो गए।घटना के बाद वह संबंधित थाने पहुंचा, लेकिन वहां उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। युवक का आरोप है कि पुलिस ने उसका आवेदन फाड़ दिया और उसे थाने से भगा दिया। पुलिस से निराश होकर खेरू सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचा। जब उसने अंदर जाने की कोशिश की, तो सुरक्षा में तैनात महिला गार्ड और अन्य कर्मचारियों ने उसे रोक दिया। इसके बाद उसने गेट के बाहर ही विरोध शुरू कर दिया। अर्धनग्न अवस्था में युवक को हंगामा करते देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। वह बार-बार अपनी आपबीती सुनाता रहा, कभी रोता तो कभी गुस्से में चिल्लाता नजर आया। कुछ समय तक कलेक्ट्रेट परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद कुछ लोगों और सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि युवक नशे की हालत में लग रहा था और उसकी मानसिक स्थिति भी सामान्य प्रतीत नहीं हो रही थी। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, न ही कोई मेडिकल परीक्षण कराया गया। कलेक्ट्रेट में मौजूद अधिकारियों ने युवक को शांत कराने की कोशिश की। कुछ देर बाद वह वहां से लौट गया, लेकिन अपने पीछे कई सवाल छोड़ गया—क्या वास्तव में उसके साथ लूट हुई? यदि हुई, तो कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई? और यदि नहीं हुई, तो उसका यह विरोध किस पीड़ा का परिणाम है?फिलहाल मामले में प्रशासन या पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि युवक को न्याय मिलेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## कलेक्टर कन्याल ने प्रदेश में गौरव बढ़ाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**गुना**। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 06 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं परीक्षा में नितिन जाट (पुत्र विश्ववीर सिंह जाट) ने 495 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं वेद रघुवंशी (पुत्र राजीव रघुवंशी) ने भी 495 अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। कु. आर्या शर्मा (पुत्री प्रशांत शर्मा) ने 491 अंक अर्जित कर प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।इसी प्रकार कक्षा 12वीं परीक्षा में कु. धाणी बंसल (पुत्री संतोष बंसल, गणित संकाय) ने 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। कु. कृष्णा धाकड़ (पुत्री श्री रामेश्वर धाकड़, कला संकाय) एवं कु. गायत्री राजपूत (पुत्री संतोष राजपूत, कला संकाय) ने 484-484 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठवां स्थान अर्जित किया। इन छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कलेक्टर श्री कन्याल ने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आगामी लक्ष्य एवं करियर योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, सहायक संचालक सुश्री प्रेरणा गुप्ता, प्राचार्य डाइट एस.के. वशिष्ठ, एपीसी समग्र शिक्षा एस.के. शिवहरे, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय गुना एच.एन. जाटव, प्राचार्य सांदीपनी फतेहगढ़ भगवत ओझा, निर्भय सक्सेना सहित अभिभावक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## आरक्षक की तत्परता से बची घायल की जान, एसपी ने किया सम्मानित

**गुना**। जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के दौरान एक घायल की जान आरक्षक की सूझबूझ से बच गई।डायल-112 पर तैनात आरक्षक मोहर सिंह किरार ने बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए घायल को तुरंत एफआरवी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसे समय पर इलाज मिल सका।आरक्षक की इस सराहनीय कार्यशैली पर पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने उन्हें नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।पुलिस के इस मानवीय कदम से आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

## करंट से किसान, सड़क हादसे में हलवाई की मौत, अलग-अलग थाना क्षेत्र में घटनाएं दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो दर्दनाक हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक की खेत पर करंट लगने से जान चली गई, जबकि दूसरा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया।

दोनों शवों का मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।मूंग की फसल में पानी देते समय करंट की चपेट में आया किसानसिरसी थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशखेड़ा निवासी 23 वर्षीय किसान अनिल घारेला की खेत पर करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि अनिल सोमवार सुबह अपने खेत पर मूंग की फसल में पानी देने गया था।परिजनों के अनुसार, खेत में सिंचाई के दौरान विद्युत लाइन में आए फॉल्ट के कारण वह करंट की चपेट में आ गया।

खेत पर वह अकेला था, इसलिए घटना का तत्काल पता नहीं चल सका। शाम करीब 4 बजे परिजनों ने उसे खेत पर अचेत अवस्था में देखा और तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अनिल अपने पीछे दो छोटी-छोटी बेटियां छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

काम पर जाते समय सड़क हादसे में हलवाई की मौतदूसरी घटना फतेहगढ़ क्षेत्र में सामने आई, जहां राजस्थान के बारां जिले से हलवाई का काम करने आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई।मृतक की पहचान 28 वर्षीय प्रकाश प्रजापति निवासी कुंडई, जिला बारां (राजस्थान) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रकाश अपने साथी नेमीचंद के साथ सोमवार देर रात फतेहगढ़ क्षेत्र में एक कार्यक्रम में काम करने के लिए आ रहा था।

रात करीब 1 बजे फतेहगढ़ के पास उनका वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी नेमीचंद घायल हो गया।मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में प्रकाश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।




### प्राचार्या पर लगाए गंभीर आरोप, कलेक्टर से की शिकायत, री-चेकिंग की मांग

# क्लास टॉपर छात्रा को प्रैक्टिकल में सबसे कम अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की चांचौड़ा तहसील के अंतर्गत बरखेड़ा खुर्द शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12वीं कला संकाय की एक छात्रा ने प्रैक्टिकल परीक्षा में कम अंक दिए जाने को लेकर स्कूल की प्राचार्या पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा ने कलेक्टर से शिकायत कर प्रैक्टिकल अंकों की पुनः जांच (री-चेकिंग) की मांग की है। छात्रा कु. महक शर्मा ने 12वीं कला संकाय में 500 में से 346 अंक प्राप्त कर 69 प्रतिशत के साथ अपनी कक्षा में टॉप स्थान हासिल किया है। इसके बावजूद छात्रा का आरोप है कि उसे प्रैक्टिकल विषयों में कक्षा के अन्य छात्र-छात्राओं की तुलना में सबसे कम अंक दिए गए हैं।महक शर्मा का कहना है कि परीक्षा से लगभग 15 दिन पहले स्कूल की प्राचार्या ने उससे 5 हजार रुपये की मांग की थी। उसने पैसे देने से इनकार कर दिया था और इस बात की जानकारी अपने पिता को भी दी थी। छात्रा का आरोप है कि पैसे नहीं देने की वजह से जानबूझकर उसके प्रैक्टिकल अंकों में कटौती की गई।



### सभी विषयों में 15 से कम अंक

महक को प्रैक्टिकल में मिले अंक इस प्रकार हैं—

हिंदी में 10, संस्कृत में 12, इतिहास में 11, राजनीति विज्ञान में 10 और समाजशास्त्र में 10 अंक।

वहीं लिखित परीक्षा में उसने क्रमशः हिंदी में 80, संस्कृत में 80, इतिहास में 59, राजनीति विज्ञान में 60 और समाजशास्त्र में 67 अंक प्राप्त किए हैं। हिंदी और संस्कृत में उसे डिस्टिंक्शन भी मिली है। छात्रा का कहना है कि कक्षा के अन्य विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल में 18 से 20 तथा 22 तक अंक दिए गए हैं, जबकि उसे सभी विषयों में 15 से कम अंक देकर नुकसान पहुंचाया गया है।

### कलेक्टर ने दिया जांच का आश्वासन

महक शर्मा ने पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए प्रकरण में पुनः टोटलिंग और जांच करवाने का आश्वासन दिया है। अब छात्रा और उसके परिजन निष्पक्ष जांच और न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## समाचार संक्षेप

### प्रचार के अभाव में 35 जोड़ों तक सिमटा कन्या विवाह, व्यवस्थाओं पर भी उठे सवाल


**आरोन।** नगर में मुख्यमंत्री कन्यादान कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम अपेक्षा के अनुरूप सफल नहीं हो सका। अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद पंचायत परिसर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में मात्र 35 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जबकि क्षेत्र की 57 पंचायतों और 140 गांवों की तुलना में यह संख्या काफी कम रही।स्थानीय लोगों का आरोप है कि योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किया गया, जिसके कारण कई पात्र जोड़े इस योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठे हैं। वर-वधू पक्ष के परिजनों ने भोजन के पैकेट की मात्रा कम और गुणवत्ता संतोषजनक न होने की शिकायत की।इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे ने कहा कि लापरवाही की शिकायत उनके संज्ञान में आई है और मामले की बिंदुवार जांच कराई जाएगी।






### 33% महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस का आरोप, भाजपा पर भ्रम फैलाने का दावा

**आरोन।** भारतीय युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष कमल अहिरवार ने 33% महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि वर्ष 2023 में यह विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो चुका था। उनका कहना है कि हाल ही में संसद में 131वें संविधान संशोधन (परिसीमन से जुड़ा बिल) पर बहस के दौरान जो स्थिति बनी, उससे वास्तविक महिला आरक्षण प्रक्रिया प्रभावित हुई है।कमल अहिरवार ने आरोप लगाया कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को 33% आरक्षण देना चाहती है, तो 543 लोकसभा सीटों पर ही इसे लागू करे, न कि सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने की बात करे।उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुझाव दिया है कि 2027 की जनगणना के आधार पर ही सीटों का निर्धारण किया जाए, जिस पर कांग्रेस सहमत है।इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 30% आरक्षण देकर सशक्त भागीदारी की नींव रखी थी।अहिरवार ने आरोप लगाया कि भाजपा आरक्षण के मुद्दे पर झूठा प्रचार कर रही है, जो पूरी तरह गलत है।



### चंद्रमोहन शर्मा बने सर्व ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष, हुआ भव्य स्वागत

**आरोन ।** नगर में सर्व ब्राह्मण समाज के नवनिर्मित संस्कार भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चंद्रमोहन शर्मा को सर्व ब्राह्मण समाज का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया।यह नियुक्ति महंत ईश्वर दास (पप्पू महाराज) के आशीर्वाद से सनकादिक आश्रम के दीक्षित शिष्य के रूप में की गई। अध्यक्ष बनने पर समाजजनों में हर्ष की लहर दौड़ गई और उन्हें लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं।इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 09 के पार्षद मूलचंद्र बोहरे ने अपने निवास पर समाजजनों की उपस्थिति में चंद्रमोहन शर्मा का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन, हीरालाल सोनी, ओमवीर सिंह रघुवंशी, नंदकिशोर शर्मा सहित कई समाजबंधुओं ने माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं।सोमवार को श्रीदास हनुमान मंदिर पर डॉ. कैलाश सिंह रघुवंशी ने भी उनका स्वागत कर मिठाई खिलाई और संस्कार भवन निर्माण हेतु 5100 रुपए की राशि भेंट की।कार्यक्रम के बाद विभिन्न समाज वर्गों के लोगों ने उन्हें बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# श्री गणेश मंदिर में हुआ 43वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर के प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश मंदिर माली सैनी समाज रामनगर रोड महात्मा ज्योतिबा फुले स्थल पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम गंगाजली का पूजन कर जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचा। जिसमें 20 जोड़े ने विवाह के बंधन में बंधे। जोड़ों ने हिंदू वैदिक रीति-रिवाज के साथ सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत। एवं एक दूसरे के जीवन भर साथ निभाने के सात-पांच वचन लिए। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में माली सैनी समाज राधौगढ़, रामनगर, मीरपुर, झागर, धाननखेड़ी, गुना, बजरंगगढ़, रूठियाई, मलियाखेड़ी, वैरवास, नटरियाई, ठपरियाई, जामनेर, सालौटा, पीपलखेडीं, भैंसाना, बापचा, चाचौड़ा,बीनागंज, मृगवास, कुंभराज, सींगनपुर,बकान्या, शंकरपुरा, शाजापुर, सारंगपुर, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, छबड़ा, कोटा, मांगरोल, भवानी मंडी, सीकर,बापच राजस्थान आदि जगहों से समाज के पंचगण, वरिष्ठजन,युवासाथी एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए। और सभी जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में बालक दास जी महाराज, सनौतिया धाम सरकार, महादेव सेवा संगठन,अंजुमन इस्लाम कमेटी, यूसुफ खान ठेकेदार, राजकुमारी किन्नर,पार्षदगण एवं नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, व्यापारी आदि सम्मिलित होकर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठजन,आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, युवा साथियों का विशेष योगदान रहा। सभी पधारे हुए अतिथियों,समाज के वरिष्ठजन आदि का स्वागत आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी मौरिया एवं समिति के समस्त पदाधिकारीयों के द्वारा किया गया एवं मंच का संचालन सतीश सैनी ने किया। एवं सभी का आभार अशोक कुमार सैनी(गल्लू), कैलाश सैनी बंग्लावाले एवं समाज अध्यक्ष लालचंद सैनी ने माना।

## आरोन में अक्षय तृतीया पर हुए 34 जोड़ों के सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत नगर परिषद द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया।शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 34 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 31 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह और 3 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। प्रत्येक कन्या के खाते में 49 हजार रुपये की डीबीटी राशि भी स्वीकृत की गई।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण शैलेश जैन सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नगर परिषद स्टाफ और आमजन मौजूद रहे।



## रात में तेज आवाज पर सख्ती, 3 डीजे जब्त किए, प्रशासन एक्शन मोड में

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में देर रात तेज आवाज़ में डीजे संचालन करने वालों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। एसडीएम सुश्री महिमा चौधरी के निर्देशन में पुलिस बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 3 डीजे गाड़ियों को जप्त किया गया।सभी जप्त डीजे वाहनों को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना परिसर में रखवाया गया है।लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया, जिससे साफ संकेत दिया गया है कि शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।प्रशासन का साफ संदेश रात में तेज आवाज़, नियमों का उल्लंघन या सार्वजनिक शांति भंग करने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## आरोन में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई, भव्य शोभायात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन में सकल ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दास हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन और आरती से हुई।इसके बाद निकली भव्य शोभायात्रा गुलाबगंज चौराहा, पुराना बस स्टैंड और इंदिरा पार्क होते हुए नवनिर्मित संस्कार भवन पहुंची, जहां सामूहिक पूजा और आरती की गई। कार्यक्रम में सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर महंत ईश्वर दास (पप्पू महाराज) ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सभी से संस्कार भवन निर्माण में सहयोग की अपील की। संत दास जी महाराज ने भी धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया।शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। अखाड़ा दलों के साहसिक करतब और ढपला वादकों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सर्वब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे का भी भव्य सम्मान किया गया।पूरे आयोजन में नगरवासियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।




## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर सतर्कता दिवस का आयोजन

**आरोन।** विदिशा में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया गया। यह आयोजन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन और जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया, जिसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी और आशा यूनिटों ने भी भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह रोकने का संकल्प दोहराया गया और जागरूकता अभियान चलाया गया। संगठन ने स्कूलों, पंचायतों और गांवों में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।संगठन के निदेशक राम रघुवंशी ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर बाल विवाह की संभावना अधिक रहती है, लेकिन प्रशासन और समाज की सतर्कता से इसमें कमी आई है। उन्होंने बताया कि लगातार जागरूकता से लोग अब बाल विवाह की सूचना दे रहे हैं, जिससे रोकथाम संभव हो पा रही है।उन्होंने यह भी कहा कि संगठन 2030 से पहले जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य पर काम कर रहा है।




## चाचौड़ा में 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर में अक्षय तृतीया के अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 29 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 22 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाज से सात फेरे लिए, जबकि 7 मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया। आयोजन जनपद पंचायत के सहयोग से सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।इस मौके पर विधायक प्रियंका पेंची सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और गृहस्थी से जुड़े उपहार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन मौजूद रहे।

## हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक, मखदूम शाह बाबा का 153वां उर्स 27 से 29 तक मनेगा


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मखदूम शाह बाबा का 153 वां उर्स 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक मनाया जाएगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष सैयद शाह नवाज हाशमी ने जानकारी देते हुए बताया कि मखदूम शाह बाबा का उर्स 27 से 29 अप्रैल तक मनाया जाएगा।

मखदूम शाह बाबा के उर्स में चंदेरी के अलावा गुना शिवपुरी झांसी भोपाल टीकमगढ़ अशोकनगर मुंगावली विदिशा सागर ललितपुर तथा आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में सभी धर्मों के लोग पहुंचकर अकीदत के फूल पेश कर कौमी एकता की मिसाल कायम करते हैं। मखदूम शाह बाबा का उर्स 27 से 29 मार्च तक मनाया जाता था लेकिन पिछले 4 बार से फरवरी-मार्च माह में रमजान का पवित्र महीना होने पर उर्स की तारीख को आगे बढ़ाया गया। इस बार हजरत मखदूम शाह बाबा का 153 वां उर्स 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक मनाया जाएगा। 27 अप्रैल को मीलाद शरीफ एवं कुरान खानी तथा रात्रि में स्थानीय उलमा इकराम व हाफिजे कुरआन के प्रवचन होंगे, नातिया मुशायरा होगा। सभी की भलाई तरक्की एवं खुशहाली तथा भारत देश की तरक्की के लिए दुआ की जाएगी। 28 अप्रैल मंगलवार को रात्रि में सुप्रसिद्ध जुनैद सुल्तानी कव्वाल मुंबई एवं अदनान नाजा कव्वाल मुंबई के बीच शानदार कव्वाली मुकाबला होगा, जिसमें हम्द नात मन्क़बत के अलावा देश भक्ति पर आधारित कव्वाली प्रस्तुत की जाएगी। 29 अप्रैल बुधवार की रात्रि में सुप्रसिद्ध कव्वाल शाकिब अली साबरी फैजाबाद उत्तरप्रदेश एवं रेहान अली कव्वाल मेरठ उत्तरप्रदेश के बीच शानदार कव्वाली मुकाबला होगा। जिसमें धार्मिक कव्वाली हम्द नात के अलावा राष्ट्रीय एकता देशभक्ति पर आधारित कव्वालियों की प्रस्तुति दी जाएगी।

**29 अप्रैल को पेश होगी अमन की चादर** हर साल की तरह इस साल भी उर्स के आखिरी दिन रात्रि 9 बजे हजरत मखदूम शाह बाबा के दरबार में अमन की चादर पेश की जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में सभी धर्मों के अकीदत मन्द श्रद्धालु उपस्थित होते हैं। इस मौके पर देश में आपसी मेल मिलाप एवं भाईचारा कायम रहने तथा भारत देश की तरक्की खुशहाली की विशेष प्रार्थना (दुआ) की जाएगी।



## जनसुनवाई में 156 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**अशोकनगर।** मंगलवार को जनसुनवाई में 156 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गूगलमीट से समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुडे रहे। जनसुनवाई में आये संबंधित तहसील एवं जनपदों के आवेदन निराकरण के निर्देश संबंधितों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए। जनसुनवाई में बोहरे कालोनी अशोकनगर निवासी आदित्य कुमार पराशर द्वारा नगर पालिका में हेल्पर के पद पर पुनः नियुक्त किये जाने,ग्राम भातपुरा निवासी कैलाश गुर्जर द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने, ग्राम रूहाना निवासी कमल अदिवासी द्वारा करंट से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने,बहादुरपुर निवासी सुदामा बाई द्वारा संबल योजना के अंतर्गत अनुगृह सहायता राशि दिलाये जाने,पिपरई निवासी प्रकाश कुर्मी द्वारा सीमांकन कराये जाने, पिपरई निवासी शिवचरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास एवं पट्टा दिलाये जाने, ग्राम भौराकांछी निवासी रामसिंह कुशवाह द्वारा रास्ता दिलाये जाने, ग्राम छीपोन निवासी मुन्नी बाई द्वारा फोती नामांतरण कराये जाने,ग्राम करातला निवासी चंपालाल कुशवाह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,अशोकनगर निवासी विकास अहिरवार द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति दिलाये जाने,ग्राम पहाडा निवासी मालम अहिरवार द्वारा सीमांकन सही कराये जाने संबंधी सहित अन्य समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए।

### शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई

## 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत 1 मई से होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



खेल और युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय एवं विकासखंड स्तर पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों (आरोह 2026) का आयोजन किया जाना है। ग्रीष्मकालीन खेल के आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष क्रमांक 122 में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण के निर्देशों के अनुसार ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह- 2026 के सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधितों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकालीन खेल हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। जिससे जिले के अधिक से अधिक खिलाडी सहभागिता कर सके। उन्होंने खिलाडियों को पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाएं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर द्वारा सुझाव दिया गया कि खेल मैदानों का बेहतर प्रबंधन कर प्रशिक्षण प्रदान करें। बैठक में प्रभारी खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने बताया कि 1 मई से शुरू हो रहे 30 दिवसीय इन खेल प्रशिक्षण शिविरों आयोजन किया जायेगा। जिसमें कराटे ,टेबल टेनिस ,बास्केटबॉल, क्रिकेट ,हॉकी, ताईक्वांडो, फुटबॉल आदि खेलों के प्रशिक्षण शिविर नगर के चंदेरी रोड स्थित नवीन इंडोर खेल स्टेडियम, संजय स्टेडियम स्थित खेल मैदान, शा. उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किये जायेंगे।

प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन बालक एवं बालिका दोनो वर्गों में किया जायेगा। 19 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका खिलाड़ी इस प्रशिक्षण में शामिल हो सकेंगे। संचालनालय के निर्देशानुसर समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां अयोजित कराई जावेंगे।

## सीएम हेल्पलाइन निराकरण में जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक, समयबद्ध एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिल सके। उक्त निर्देशों के पालन में जिला पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्राथमिकता से सुनवाई की गई। प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। इस सतत एवं प्रभावी प्रयास का परिणाम यह रहा कि माह मार्च 2026 की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 99.84 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो कि जिला पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि माह फरवरी की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 99.36 प्रतिशत स्कोर एवं माह मार्च में 99.84 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### उद्योग विभाग ने कहा औद्योगिक क्षेत्र में निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई

## आवंटित किसी भी भूखंडों को लेकर नहीं ली जा रही है कोई भी रूचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित किसी भी भूखण्ड को म.प्र. एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के अनुसार निर्धारित प्रकिया का पालन करने हुये निरस्त किया गया है, किसी भी भूखण्ड धारक द्वारा सूचना पत्र जारी दिनांक तक उद्योग स्थापना से संबंधित कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया था। इस रूचि के अभाव में औद्योगिक क्षेत्र के विकास की संभावनाएं कमजोर होती जा रही हैं।

तत्संबंध में 28 भूखण्ड धारको को 30 दिवसीय सूचना पत्र 25 अगस्त 2025 को जारी किये गये, किन्तु किसी भी भूखण्ड धारक द्वारा समय सीमा में कोई भी जवाब कार्यालय को नहीं दिया गया। नियमानुसार 02 वर्ष में उद्योग स्थापित किया जाना अनिवार्य है, किन्तु किसी भी भूखण्ड धारक द्वारा 07 वर्ष उपरांत आज दिनांक तक न तो फैक्ट्री का नक्शा अनुमोदन कराया गया, न ही बिजली कनेक्शन हेतु आवेदन किया, न ही बैंक में अपने प्राजेक्ट हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये, न ही कार्य प्रारंभ करने की समय-सीमा से अवगत कराया गया। सभी भूखण्ड धारको को उद्योग स्थापित किये जाने हेतु प्रेरित करने हेतु लघु उद्योग संवर्धन की बैठके भी कलेक्टर की अध्यक्षता में कई बार आयोजित की गई।

इससे स्पष्ट है कि जिला प्रशासन औद्योगीकरण को बढ़ावा देने में हर संभव सहयोग हेतु तत्पर है। 15 अक्टूबर 2025 के महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के औद्योगिक क्षेत्र के निरीक्षण के समय भी किसी भी भूखण्ड धारक द्वारा कोई कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने से उक्त भूखण्डों को दिनांक 16 अक्टूबर 2025 के आदेश से नियमानुसार निरस्त किया गया है। निरस्तीकरण उपरांत कुछ भूखण्ड धारकों द्वारा बाउन्ड्री बाल का कार्य प्रारंभ किया गया। नियमानुसार निरस्तीकरण आदेश से असंतुष्ट पट्टेदार पक्षकार 30 दिवस की अवधि में प्रथम अपील उद्योग आयुक्त, विध्याचंल भवन भोपाल अथवा उनके द्वारा नामांकित अधिकारी के समक्ष की जावेगी तथा प्रथम अपील में पारित आदेश के विरूद्ध द्वितीय अपील म०प्र० शासन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के समक्ष किये जाने का प्रावधान है।



पिछले 07 वर्षों में किसी भी भूखण्ड धारक द्वारा आज दिनांक तक अपने भूखण्ड की बाउण्ड्री नहीं बनाये जाने के कारण उत्खनन एवं अतिक्रमण हेतु भूखण्ड धारक स्वयं जिम्मेदार है। भूखण्ड जब आंवटित हुए थे तब जाहिर है कि सभी ने भूखण्ड देख कर ही लिये होंगे। औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें बनी हुयी है, बिजली के खम्बे लगे है ट्रांसफार्मर भी विद्युत सब स्टेशन में रखे हुयें है, किन्तु भूखण्ड धारकों द्वारा बिजली कनेक्शन हेतु आवेदन करने पर ही विद्युत विभाग द्वारा आगामी कार्यवाही की जाती है।

पानी की व्यवस्था हेतु दो ट्यूबवेल औधौगिक क्षेत्र में लगे है। औद्योगिक क्षेत्र में कोई नाला नहीं है, सभी भूखण्ड है. शासन से बजट आंबटन होते ही ब्रेनेज की सुविधा भी उपलब्ध करा दी जाएगी। उक्त सभी तथ्यों से स्पष्ट है, कि 07 वर्षों के बाद भी भूखण्ड धारको द्वारा उद्योग स्थापना में कोई रूचि नहीं लेने के कारण सभी 28 भूखण्डों को निरस्त किया गया है। जिला प्रशासन एवं विभाग जिले में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है एवं निवेशको भूखण्ड धारको के हर संभव सहयोग हेतु तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। उद्योग आयुक्त के आदेश दिनांक 05 मार्च को 13 भूखण्डों एवं दिनांक 10 मार्च को 03 भूखण्डो को इस प्रकार आज दिनांक तक कुल 16 भूखण्डो को अपील सुनवाई में 6 माह का समय प्रदान किया गया है। सभी भूखण्ड धारकों को उद्योग आयुक्त के आदेशानुसार कार्य करना उचित होगा।

## खबर संक्षेप

### अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम निर्टर निवासी गुबरा उर्फ गोबरधन पुत्र जनता आदिवासी उम्र 23 साल द्वारा शराब का अधिक मात्रा में सेवन किया जा रहा था जिसके कारण उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की ईसागढ पुलिस ने ढाकौनी निवासी सूरज कुशवाह के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने डिपो कॉलोनी निवासी सचिन सांसी के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने मग्गर सिंह सिक्ख निवासी उमरिया माफी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने पीपलखेडा निवासी दिलीप अहिरवार के पास से 4 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौशाला अशोकनगर निवासी गौरव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित, आदित्य शाक्य, पंकज रजक, उमेश कोरी, दिलीप शाक्य व अन्य 5 लोगों ने एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुमित रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गौरव यादव, संजीव यादव, सुखदेव यादव, व 10 अन्य लोगों ने लंबरदार मोहल्ला में एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेरा चक्क निवासी गेंदालाल पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहरसिंह पाल, वीरभान पाल और विजय पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीलाखेडा निवासी जयपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बुन्देल सिंह, निवासी ग्राम नीलीघुरक व अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 13 गुम नाबालिगों को सुरक्षित उनके परिवार जनों को सौंपा गया

**अशोकनगर।** 31 मार्च 2026 की स्थिति में जिले में कुल 15 नाबालिग बालक/बालिकाएं दस्तयाबी हेतु शेष थीं, जबकि अभियान अवधि में 08 बालिकाओं एवं 02 बालकों के अपहरण के प्रकरण दर्ज हुए। पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 1 अप्रेल से 20 अप्रेल तक कुल 13 नाबालिगों में से 11 बालिकाएं एवं 02 बालकों को सुरक्षित दस्तयाब किया गया, जो विगत वर्षों की तुलना में सर्वाधिक उपलब्धि है। दस्तयाबी के दौरान 02 बालिकाओं को जिले के बाहर विदिशा एवं गुना से बरामद किया गया। पुलिस टीमों की त्वरित कार्यवाही के परिणाम स्वरूप 04 बालिकाओं एवं 01 बालक को सूचना प्राप्त होने के मात्र 05 घंटे के भीतर तथा 04 बालिकाओं को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अशोकनगर पुलिस द्वारा सभी नाबालिगों से अपील की गई है कि बिना बताए घर से न जाएं तथा किसी के बहकावे में न आएं। नाबालिग को उसकी सहमति से भी भगाकर ले जाना कानूनन अपराध है।

### भोपाल में कार्यक्रम का लाईव प्रसारण हुआ

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में आसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में सिविल सेवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम का जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

**नए शेड के निर्माण के साथ आने वाले लोगों के लिए भी मिल सकेंगी बेहतरीन सुविधाएं**

# शहर के मुक्ति धाम को किया जा रहा है सर्व सुविधायुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय अशोकनगर का जो मुख्य शमशान स्थल है जिसे मुक्तिधाम के नाम से जाना जाता है। इस मुक्ति धाम को अशोकनगर नगर पालिका नया लुक प्रदान कर रही है। यहां आने वाले आम जनों की सुविधाओं के लिए नए शेड का निर्माण भी किया जा रहा है, ताकि एक साथ 8 लोगों के अंतिम संस्कार किए जा सकें। बैठने के लिए दो पवेलियन भी बनाए जा रहे हैं ताकि लोग आसानी से यहां बैठ सकें।

यह शमशान स्थल सन 1961 से यही चल रहा है कई अनेक लोग तो ऐसे हैं कि जिन्होंने शमशान स्थल के रूप में इसी स्थान को देखा है पहले यहां छोटा सा शमशान स्थल हुआ करता था। उसके बाद जगह कर पड़ने लगी जिसके बाद फिर एक और शेड का निर्माण किया गया। लेकिन आज भी यहां पर्याप्त इंतजाम अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को नहीं मिलते हैं इसी स्थान पर नगर पालिका अशोकनगर ने इस पूरे स्थल का आधुनिकीकरण करने का निर्णय लिया है जिसका निर्माण तेज गति से चल रहा है। अभी तक यहां पांच लोगों का अंतिम संस्कार किए जाने की सुविधा थी लेकिन अब इस स्थान पर नगर पालिका अशोक नगर द्वारा एक बड़े शेड का निर्माण किया जा रहा है और यहां एक साथ आठ लोगों का अंतिम संस्कार हो सकेगा। इस तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं।



### लंबे व्यक्ति के अंतिम संस्कार में मदद मिल सकेगी

नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि हमेशा अंतिम संस्कार के लिए जो स्थान होता है वह 6 फीट का होता है लेकिन नगर पालिका ने इस बात का भी ध्यान रखा है यदि किसी व्यक्ति की लंबाई 6 फीट से अधिक है तो उस व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए भी स्थान का ध्यान रखा गया है, यहां 8 फीट की एक भटटी भी बनाई गई है। इस तरह इस पूरे शमशान स्थल पर निर्माण भी तेज गति से चल रहा है, इस स्थान पर वैसे तो हरियाली बहुत है जो यहां आने वाले लोगों को प्राकृतिक रूप से अच्छी लगती है।

### यहां आने वाले लोगों को अब खुले में संस्कार नहीं करना होगा

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि इस पूरे परिसर को बेहतरीन किया जा रहा है तथा बैठने वाले लोगों के लिए पवेलियन का निर्माण किया जा रहा है ताकि लोग आसानी से अंतिम संस्कार होने तक यहां बैठ सकें। इस शमशान घाट के निर्माण के बाद लोगों को अंतिम संस्कार करने में अपने परिवार के उस सदस्यों को आसानी से संस्कार की क्रिया करने में मदद मिल सकेगी। क्योंकि अभी तक यहां जितने भी स्थान है वह स्थान कम है जिसके कारण कई बार लोगों को जगह के अभाव में भट्टी न मिलने की वजह से खुले में संस्कार करना पड़ता है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है एक दिन में 7 से 8 तक व्यक्ति अंतिम संस्कार के लिए ले जाते हैं लेकिन जगह काम हो रही है और कम होने की वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए संस्कार के बाद कम से कम 3 दिन का समय लगता है तब जाकर भट्टी खाली हो पाती है।

### नगर पालिका की सराहनीय पहल

ऐसी स्थिति में नगर पालिका का यह नया निर्माण अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को सुविधाजनक होगा और अपने परिवार की के सदस्य की विदाई अंतिम संस्कार के रूप में आसानी से कर सकेंगे। क्योंकि यही जीवन का अंतिम सच है जो भी आया है उसे जाना है जाना है। शमशान घाट जीवन की सच्चाई है न कोई लेकर आता है न कोई लेकर जाता है। आती है तो यादें वह सब इसी स्थान पर ताजा होती है इसलिए नगर पालिका की यह पहल एक सराहनीय कदम है।

### 1961 में शमसान घाट पर बनाई गई धर्मशाला एक नई सोच

इसी स्थान पर सन 1961 में गोपाल दास पंजाबी परिवार के द्वारा एक धर्मशाला का निर्माण भी किया गया था जिस पर आज भी सन 1961 लिखा हुआ है जिससे इस बात का पता लगता है कि यह शमशान स्थल कम से कम 64 वर्ष पुराना है। हालांकि शमशान स्थल पर कहीं कोई सन नहीं लिखा हुआ है लेकिन धर्मशाला के निर्माण से इस बात का अंदाजा लगाया जाता है कि यह 1961 में बना होगा। लेकिन उस जमाने में जब लोग श्मशान घाट में जाने से डरा करते थे तब उस परिवार ने यहां पर एक धर्मशाला का निर्माण किया। उस परिवार की सोच को देखिए कि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को वर्षा और धूप में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसलिए इस धर्मशाला का निर्माण कराया गया था। शमशान स्थल पर धर्मशालाएं बहुत कम मिलती है मांगलिक कार्यों के लिए धर्मशालाओं का निर्माण हो सकता है शादी विवाह जैसे अन्य आयोजनों के लिए धर्मशालाओं का निर्माण तो मिल सकता है लेकिन शमशान घाट पर धर्मशाला का निर्माण यह बहुत बड़ी बात है और आज भी धर्मशाला यहां पर बनी हुई है। इस धर्मशाला के आधुनिकीकरण की जरूरत भी है इस पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

---

**करीला जा रहे 4 लोग जिला अस्पताल में भर्ती**

# आग की चपेट में आई बाइक, परिवार झुलसा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के पिपरई क्षेत्र में बेसरा गांव के पास खेतों में लगी आग की चपेट में एक चलती बाइक आ गई। इस घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के चार सदस्य झुलस गए। स्थानीय लोगों ने समय रहते उन्हें बचाया। झुलसने वालों में बेसरा गांव निवासी 18 वर्षीय नरेंद्र वंशकार, उसका 12 वर्षीय छोटा भाई मुकेश, 35 वर्षीय मां हरीबाई और 8 वर्षीय बहन अनुष्का शामिल हैं। यह सभी सोमवार शाम को करीला में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। अपने घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर सड़क किनारे खेतों की नरवाई में आग लगी हुई थी। उन्हें लगा कि वे किनारे से निकल जाएंगे, लेकिन आगे बढ़ते ही वे चारों तरफ से आग की लपटों से घिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को आग से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जिले में खेतों की नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध है इसके बाद भी खेतों में आग लगाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

## शिव जैसा सुमति वाला परिवार हो तो घर में सुख संपत्ति अपार बढ़ती है: जगतगुरु देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सात दिवसीय राम कथा के दूसरे दिन शिव विवाह की कथा का वर्णन किया गया। इसी मौके पर चंदेरी के निकट जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में नव कुंडीय यज्ञ की शुरूआत की गई। श्री राम कथा के द्वितीय दिवस राम कथा के अंतर्गत शिव विवाह की कथा को श्रवण करते जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा परिवार में सुख संपत्ति बढ़ाने के लिए प्रमुख रूप से परिवार में आपसी सहमति एवं एकमत होना जरूरी है। रावण के भाई विभीषण ने भी यही कहा जहां सुमति ता संपत्ति नाना, सुख और शांति हेतु राम कथा



श्रवण करना सामाजिक जीवन का प्रमुख सूत्र बताया। राम कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धा और भक्ति जीवन में होना भी सर्वोपरि है। व्यक्ति जीवन में एक बार भी कथा सुना देता है तो उसको भक्ति प्राप्त होती है और भक्ति के माध्यम से स्वयं भगवान भक्त के बस में हो जाते हैं।

---

# उपार्जन समिति की बैठक में किसानों को बेहतर व सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना, मसूर उपार्जन की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उपार्जन केन्द्र पर बेहतर एवं सुगम सुविधाएं पेयजल, छाया, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केन्द्रवार नोडल अधिकारियों के साथ ही उपार्जन से जुडे अधिकारी नियमित रूप से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करेगें। जिससे व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहे। केन्द्र पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को



पारदर्शी, सुगम तथा परेशानी मुक्त उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराना है। जिससे उन्हें समय पर लाभ मिल सके। साथ ही किसानों को तुलाई पश्चात ऑनलाईन रसीद मिले यह सुनिश्चित किया जाएं। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं, पंजीकृत किसानों की स्थिति,तौल की व्यवस्था, कांटो की संख्या, वारदाना की उपलब्धता, परिवहन एवं भण्डारण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदी केन्द्रों पर आने वाले कृषकों को खरीदी प्रक्रिया में अनावश्यक बिलंव न हो, फसल तुलाई में बिलंव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अगले दिन तुलाई की जाएं। जिससे फसल तुलाई हो सके। उन्होंने निर्देश दिए एफएक्यू मानक के गेहूँ का उपार्जन किया जाए। उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही न बरती जाए। बारिश को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिह सहित खाद्य आदि रहे मौजूद।

### लॉटरी से चयनित बच्चों के प्रवेश की अंतिम तिथि 25 अप्रैल

**अशोकनगर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शिक्षा का अधिकार आरटीए अधिनियम 2009 के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए लॉटरी से चयनित बच्चों के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दी गई है। जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा ने बताया कि जिले में वंचित वर्ग के छात्र 90.5 प्रतिशत विद्यार्थी अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश ले चुके है। पालकों द्वारा समय पर प्रवेश नहीं ले पाने की स्थिति को देखते हुए शासन के द्वारा यह निर्णय लिया गया है। जिससे सभी पात्र बच्चों को प्रवेश का अवसर मिल सके। एपीसी मोबाइलाइजेशन अभिषेक चैधरी के अनुसार जिले की स्थिति जिले में कुल 1431 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए थे, जिनमें से अब तक 1295 बच्चों का प्रवेश हो चुका है। जिले का कुल एडमिशन प्रतिशत 90.5 प्रतिशत है, जबकि 136 सीटें अभी शेष हैं।

# अर्जुन कप स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में मुंगावली के वार्ड नं. 01 की टीम विजेता बनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

ज्ञानालय परिवार की ओर से आयोजित अर्जुन कप स्पर्धा के चैथे संस्करण का समापन सेमीफाइनल और फाइनल के साथ समापन हुआ, जिसमें मुंगावली के वार्ड नंबर 1 ने फाइनल अपने नाम किया। अंतिम दिवस पहला सेमीफाइनल कांकर और वार्ड नंबर 01 के मध्य खेला गया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला मानो रोमांच की चरम सीमा था। कांकर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 129 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान मुलायम यादव की तेजतर्रार पारी और हामिद खान की विस्फोटक बल्लेबाजी ने मैदान में ऊर्जा भर दी। जब वार्ड नंबर 01 लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो शुरुआत निराशाजनक रही। शुरुआती विकेट गिरते ही टीम दबाव में आ गई, मानो जीत दूर होती जा रही हो। लेकिन तभी एक ऐसा क्षण आया, जिसने पूरे मैच की दिशा बदल दी सुंदरम सिकरवार का छूटा हुआ कैच जिसने पूरा मैच ही पलट दिया। जिसके बाद 23 गेंदों में 80 रन की धमाकेदार उनकी नाबाद पारी ने हार के अंधकार को जीत के उजाले में बदल दिया। अंतिम गेंद तक चले इस रोमांचक मुकाबले में वार्ड नंबर 01 ने जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट हासिल किया। वही दूसरा सेमीफाइनल वार्ड नंबर 14 और बरखेड़ा जमाल के बीच खेला गया दूसरा सेमीफाइनल एक लो-स्कोरिंग लेकिन अत्यंत रोमांचक मुकाबला रहा। वार्ड नंबर 14 की टीम 50 रन ही बना सकी, लेकिन उनकी गेंदबाजी ने मैच में जान डाल दी। बरखेड़ा जमाल की ओर से रजनीकांत शर्मा ने अपनी सधी हुई गेंदबाजी से विपक्ष को बांधकर रखा। वहीं लक्ष्य का पीछा करते समय जहीर खान, आशिफ खान और सौरभ रघुवंशी की गेंदबाजी ने मैच को अंतिम ओवर तक खींच दिया अंत में बरखेड़ा जमाल ने धैर्य और संयम के साथ 3 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच वार्ड 1 ओर बरखेड़ा जमाल के बीच हुआ जिसमें वार्ड 1 ने जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की।

### आकाश सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री संजू सिसोदिया रहे मुख्य अतिथि

अर्जुन कप के फाइनल में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के पुत्र आकाश सिंह राजपूत ओर पूर्व मंत्री संजू सिसोदिया रहे। जिन्होंने टूनामेंट की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के टूनामेंट होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को आगे आने का मौका देती है जो आगे चलकर जिले ओर प्रदेश में नाम रोशन करती है, उन्होंने ज्ञानालय परिवार की तारीफ करते हुए कहा कि नाइट टूनामेंट कराना अपने आप में बड़ी बात होती है इस टूनामेंट की चर्चा सुनते रहते है औ आज हमें शामिल होने का मौका भी मिला।

### कड़ी मेहनत से सफल होते हैं ऐसे आयोजन: विधायक बृजेंद्र सिंह

समापन पर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कड़ी मेहनत ही इस तरह के टूनामेंट को सफल बनाते है। ज्ञानालय परिवार के सभी लोगों द्वारा महीनों पहले से इसकी तैयारी शुरू कर दी जाती है, सभी अपने अपने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन भी करते है ज्ञानालय परिवार के केवल एक ही लक्ष्य है कि क्षेत्र में जो प्रतिभा अभाव के चलते सामने नहीं आ पाती उन्हें मौका देना, जिससे वह प्रदेश ओर देश में क्षेत्र का नाम रोशन करे। अर्जुन कप को लेकर लोगों की दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेमीफाइनल ओर फाइनल देखने के लिए लोगो हुजूम उमड़ पड़ा।

# महिला बाल विकास विभाग ने नारी सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अशोकनगर द्वारा नारी सशक्तिकरण विषय पर एक वृहद जागरूकता रैली का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया गया। यह रैली निर्धारित मार्ग अनुसार माधव भवन से प्रारंभ होकर पुराने बाजार पठार, इंद्रा पार्क होते हुए गांधी पार्क पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। रैली के दौरान महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी रही। प्रतिभागियों ने हाथों में संदेशात्मक तख्तियां लेकर "नारी का सम्मान राष्ट्र का अभिमान" जैसे नारों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों का भी सहयोग रहा, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए नारी सशक्तिकरण के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

**आऊटसोर्स कर्मचारियों की है 17 सूत्रीय मांग**

# भारतीय मजदूर संघ ने रैली व धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को भारतीय मजदूर संघ के देशव्यापी महा आंदोलन के दौरान अशोकनगर जिले मे आउटसोर्स कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगो को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने अशोकनगर तहसील प्रांगण अशोकनगर में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन व रैली निकालकर जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अशोकनगर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री शिशुपाल यादव द्वारा किया गया। विभिन्न विभागों में कार्यरत बाह्य स्त्रोत (आऊटसोर्स) कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कराने हेतु,




कर्मचारी श्रमिक एवं प्रदेश हित में है। ज्ञापन में शामिल होने वालों में वरिष्ठ नागरिक परिषघ के प्रदेश सचिव रामवीर सिंह रघुवंशी बाह्य स्त्रोत बिजली कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष अजमेर सिंह रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष प्रतिराज यादव रामकुमार यादव राहुल रघुवंशी अभिषेक रघुवंशी सुनील शर्मा सतीश रघुवंशी वीरभद्र यादव देवेंद्र केवट गौरव नामदेव राहुल रघुवंशी राजेश कुशवाहा अर्जुन यादव सतपाल यादव यस बेरुआ आसाराम केवट विजय आदिवासी दिनेश रघुवंशी सुरेश रघुवंशी विशाल रघुवंशी संजीव कुशवाहा हरिओम रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

### मांगों के बिन्दु

- प्रदेश के बाह्यस्त्रोत,आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु सरकार ठोस नीति बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित वेतन सुनिश्चित किया जाये।
- आऊटसोर्स/ठेका कर्मचारियों से संबंधित श्रम कानूनों का समुचित पालन सुनिश्चित किया जावें। कानूनों का पालन न होने पर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाए।
- आठ घन्टे से अधिक कार्य करने पर अतिरिक्त समय का नियमानुसार भुगतान किया जावें।
- आऊटसोर्स कर्मचारियों को सीधे विभाग/संस्था से वेतन भुगतान की जा कर बिचैलिया प्रथा बन्द की जाए।
- श्रम कानूनों के अनुसार आऊटसोर्स कर्मचारियों का मासिक वेतन प्रत्येक माह की 07 तारीख तक भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही वेतन पर्ची प्रदान की जावे।
- अनुभव के आधार पर वेतन में वृद्धि की जावे एवं अनुभव के आधार संविदा/नियमित भर्ती में नीति बनाकर अवसर प्रदान किये जाए। (जैसे बोनस अंक इत्यादि)
- बिना किसी ठोस कारण एवं जाँच के आऊटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रथापर तत्काल रोक लगाई जाए।
- शिकायत/आरोप की उच्च स्तरीय जाँच के बिना आऊटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त नहीं की जाए।

# पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी

**अशोकनगर।** अशोकनगर में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले पत्रकारों को डराने और धमकाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मनरेगा कार्यों में धांधली की चर्चा करने पर एक तथाकथित सरपंच प्रतिनिधि ने पत्रकार के दफ्तर में घुसकर न केवल अभद्रता की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद जिले के पत्रकारों में भारी रोष है और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय पत्रकार मनोज जैन (कलाकार) अपने मोहरी स्थित कार्यालय में अन्य पत्रकार साथियों के साथ क्षेत्र की पंचायतों में मनरेगा के तहत हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम पंचायत सिरसी पछार के रोजगार सहायक ओमप्रकाश ओझा और खुद को सरपंच प्रतिनिधि बताने वाले हरविंदर सरदार वहां पहुंचे। आरोप है कि चर्चा से बौखलाए हरविंदर सरदार ने पत्रकार को धमकी दी कि वह उनकी पंचायत के मनरेगा कार्यों में दखल देना बंद करें। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कथित प्रतिनिधि ने अपना आपा खो दिया और कहा अगर मेरी पंचायत की कोई भी खबर छापी, तो जान से मार दिए जाओगे। पत्रकारों ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की और सामूहिक रूप से एसपी राजीव मिश्रा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारी मशीनों से करोड़ों की लागत से बनी सड़कें अब सिर्फ धूल और गड्ढों का ढेर रह गईं

# सेकनपुर में दिनदहाड़े तो सेमलापार में रात के अंधेरे में सीना चीर रही पोकलेन, अफसर मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें न तो कानून का भय है और न ही प्रशासन की परवाह। पार्वती नदी अब सिर्फ रेत निकालने का जरिया नहीं, बल्कि माफियाओं की निजी जागीर बन चुकी है। आलम यह है कि सेकनपुर खदान पर दिन के उजाले में बेखौफ होकर भारी मशीनों से सीना छलनी किया जा रहा है, वहीं सेमलापार में रात के सन्नाटे को पोकलेन की गड़गड़ाहट चीर रही है। दो दिन पहले हरिभूमि में खबर के प्रकाशन के बाद भी स्थिति जस की तस है, जिससे यह साफ है कि माफिया का पावर शासन और प्रशासन से भी बड़ा हो चुका है।

## आतंक का दूसरा नाम रेत माफिया

क्षेत्र में माफियाओं का इस कदर आतंक है कि ग्रामीण उनके खिलाफ बोलने से भी डरते हैं। लोगों में इतना भय है कि कोई उस तरफ जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। यह सिर्फ अवैध उत्खनन नहीं है, बल्कि पार्वती नदी के अस्तित्व को खत्म करने की साजिश है। माफियाओं ने नदी के स्वरूप को इस तरह बिगाड़ दिया है कि आने वाले समय में यह गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर देगा।

## डामर गायब, सिर्फ गड्ढों का राज

सेकनपुर में इन माफियाओं की भारी मशीनों और ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली ने ग्रामीण इलाकों की सड़कों का दम निकाल दिया है। करोड़ों की लागत से बनी सड़कें अब सिर्फ धूल और गड्ढों का ढेर रह गई हैं। आलम यह है कि सड़क पर डामर ढूंढने से भी नहीं मिलता, लेकिन इन उजड़ी हुई सड़कों पर दौड़ते ट्रैक्टर ट्रॉली अधिकारियों की नजरों से ओझल हैं।




बेखौफ चल रही पोकलेन मशीनें, राजस्व को करोड़ों की चपत

पार्वती की छाती छलनी करने में लगा रेत माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सेमला पार सेकनपुर क्षेत्र में एक बार फिर रेत माफिया का आतंक शुरू हो गया है। प्रशासन की सुस्ती का फायदा उठाकर माफिया पार्वती नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। सेमला पार और सेंकनपुर में पिछले एक हफ्ते से लगातार अवैध उत्खनन जारी है, जिससे न केवल पर्यावरण को क्षति पहुँच रही है, बल्कि शासन को भी भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

प्रशासनिक अनदेखी से बढ़े हौसले

सेमला पार और सेंकनपुर घाटों पर हो रहे इस अवैध कारोबार ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। पिछले एक सप्ताह से दिन-रात पोकलेन मशीनों द्वारा नदी से रेत निकाली जा रही है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन के कारण नदी का जलस्तर और पारिस्थितिकी तंत्र भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिम्मेदार विभागों की चुप्पी माफियाओं को और अधिक बढ़ावा दे रही है।

जानकारी मिली है

मुझे जानकारी मिली है कि नदी पर अवैध खनन हो रहा है। मैं खनिज विभाग को इस बारे में सूचित कर रहा हूं। हम जल्द ही अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचेंगे और जो भी व्यक्ति इसमें लिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

रामनिवास धाकड़, सुठालिया तहसीलदार

राजस्व की खुली लूट

नदी से अवैध रूप से निकाली जा रही यह रेत सीधे तौर पर सरकारी खजाने पर डाका है। जानकारों का कहना है कि यदि प्रतिदिन 50 ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है, तो इसका सीधा मतलब है कि शासन को मिलने वाला लाखों का रॉयल्टी शुल्क माफियाओं की जेब में जा रहा है। पिछले साल की जब्ती की कार्रवाई के बावजूद माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हुए हैं, जो स्थानीय प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है।

प्रमुख बिंदु: एक नजर में खनन का सेमलापर और सेकनपुर पार्वती नदी घाट

- माफिया की ताकत: प्रतिदिन 40 से 50 ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन।
- भारी मशीनों का प्रयोग: पोकलेन मशीनों से खुलेआम हो रही खुदाई।
- आर्थिक नुकसान: राजस्व विभाग को अब तक करोड़ों की हानि होने का अनुमान।
- पुराना रिकॉर्ड: पिछले वर्ष भी अवैध खनन के चलते विभाग ने एक पोकलेन मशीन जब्त की थी।


सुठालिया तहसील से महज 30 मिनट की दूरी पर लुट रही खनिज संपदा, जिम्मेदार झाड़ रहे अपना पल्ला

खबर का असर तो हुआ पर माफिया ने बदला पैंतरा, दिन में 'कर्फ्यू', रात में पोकलेन का 'तांडव'

खनिज अधिकारी ने फोन से बनाई दूरी, क्या विभाग की 'शरण' में फल-फूल रहा है रेत का काला कारोबार?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

करोड़ों की चपत, माफिया की मौज

हम देखते रह जाते हैं, वो रेत ले जाते हैं

एक 'छुट्टी' पर, दूसरे के पास 'गाड़ी' नहीं; आखिर कैसे रुकेगा अवैध कारोबार?

पत्थरों के पहाड़ और लहूलुहान नदी

खनिज अधिकारी का फोन नहीं उठता

इनका कहना है

रणधीर सिंह मीणा, चार्ज प्रभारी सुठालिया

**खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल:** सबसे बड़ा सवाल खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर उठता है। खनिज अधिकारी किसी का फोन उठाना जरूरी नहीं समझते। क्या साहब की चुप्पी रेत माफियाओं के प्रति उनकी वफादारी है? या फिर वे शासन की संपत्ति की इस खुली लूट को जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे हैं? महज कुर्सी पर बैठकर वेतन लेना ही क्या उनका कर्तव्य रह गया है? एक तरफ माफिया अत्याधुनिक पोकलेन मशीनों से लैस हैं, वहीं दूसरी तरफ तहसीलदार साहब के पास मौके पर पहुंचने के लिए गाड़ी तक उपलब्ध नहीं है। प्रशासन का यह संसाधन विहीन चेहरा हास्यस्पद भी है और डरावना भी। जब रक्षक ही संसाधनों का रोना रोकर पीछे हट जाएं, तो जनता किससे उम्मीद करे?

**खास बातें**

- सेकनपुर सेमलापार में दिन दहाड़े चल रही पोकलेन मशीनों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- खनिज अधिकारी का फोन नहीं उठाना क्या मिलीभगत का संकेत है?
- ग्रामीण सड़कों के विनाश का जिम्मेदार कौन? क्या माफिया से इसकी वसूली होगी?
- सेकनपुर से सेमलापार तक गुंडागर्दी, क्या प्रशासन से भी ऊंचा है रेत माफिया का कद?

**इनका कहना है...**

हम समझ रहे देख रहे हैं, कार्यवाही करेंगे। हम मीटिंगों में लगे रहते हैं। थोड़ा टाइम कम है। हम काम करेंगे और कार्यवाही भी करेंगे।

**रणधीरसिंह मीणा,** चार्ज प्रभारी तहसीलदार सुठालिया

### साल 2022 में घटित हुआ था यह अपराध

# चांदी के कड़ों के लिए काटे थे वृद्धा के पैर, 3 को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

धन और पैसों का लालच इंसान को अंधा कर देता है और इसी लिप्सा में व्यक्ति जघन्य अपराध भी कर बैठता है। फरवरी 2022 में जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदी के कड़ों के लिए एक वृद्ध महिला के हाथ-पैर काटकर उसकी हत्या करने वाले 3 आरोपियों को राजगढ़ न्यायालय ने सश्रम आजीवन कारवास की सजा से दंडित किया है। आरोपियों पर कोर्ट ने अर्थदंड भी अधिरोपित किया है। चूंकि घटना के वक्त मौके पर कोई नहीं था, ऐसे में कोर्ट ने परिस्थितिजन्य सबूतों को दृष्टिगत रखते हुए यह फैसला सुनाया है।

प्रारंभिक जांच में मृतिका के पुत्र ने यह बताया कि उसकी मां शादी, विवाह के कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए ख्वाजू, दिनेश व कमल के साथ जाती थी। घटना के एक दिन पहले भी उन्हीं के साथ खाना बनाने गई थी। उक्त बयानों के बाद तीनों अभियुक्तों को तलाश कर अभिरक्षा में लेकर कड़ी पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने अपराध कबूल कर लिया। आरोपियों से चांदी का एक कड़ा, लोहे का धारदार छुरा एवं अन्य सामग्रियों को जप्त किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर प्रकरण के 11 गवाहों के कथन कराये गए। इसके साथ ही अंतिम मौके तक सजा दिलाने के लिए लिखित एवं मौखिक अंतिम बहस पेश की गई। जिसके आधार पर सभी आरोपी दोषी करार दिये गये।

**खास बातें**

- हत्या करने के आशय हेतु एवं अवसर की उपलब्धता की परिस्थिति।
- अंतिम बार देखे जाने की परिस्थिति।
- अभियुक्तण के कब्जे से मृतिका के चांदी के कडे जप्त होने की परिस्थिति।
- मृतिका के पुत्र द्वारा चांदी के कडे (आंवले) की पहचान करना।
- मृतिका के प्रदर्षों पर अभियुक्तगण के रक्त नमूना के

## दोनों पैर काटकर कर दी थी हत्या

अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी करने वाले आलोक श्रीवास्तव ने बताया की 25.02.2022 को सूचनाकर्ता द्वारा सूचना दी गई थी कि मल्हारपुरा से माचलपुर जाने वाली रोड के पास खंती में एक महिला का शव पड़ा है। शव की पहचान शैतानबाई उर्फ शांतिबाई पत्नी नारायणसिंह सौधिया निवासी पदमपुरा के रूप में हुई। मृतिका का दोनो पैर काट दिये थे एवं उसके गले पर भी धारदार हथियार से गला रेंतने की चोटें पाई गईं थीं। मामले में थाना भोजपुर के द्वारा देहाती नालसी पंजीबद्ध कर जांच की गई। घटनास्थल से मिट्टी, मृतिका की चप्पल व पास पडा कपडा जप्त करते हुए शव की पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पीएम के दौरान डॉक्टर ने पाया कि मृतिका के हाथ में बाल फँसे हुए हैं, तब डॉक्टर द्वारा मृतिका की स्लाईड, कपडे एवं बाल संरक्षित कर थाना भोजपुर को भेजे। पुलिस के द्वारा धारा 302, 201 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। मृतिका के पुत्र यह बताया गया था कि मां पैरों में चांदी के कड़े पहनती थी जो उनके पैरों में नहीं हैं।

### मजदूर संघ ने नारेबाजी करते हुए रखी जायज मांगें

# आउटसोर्स कर्मियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिले के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स पद्धति से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हितों, उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में भारतीय मजदूर संघ मुखर होकर सामने आया है। इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।

ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख समस्याओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की गई। कर्मचारियों ने सेवा शर्तों में सुधार, वेतन विसंगतियों के निराकरण, समय पर वेतन भुगतान तथा ईएसआई, पीएफ जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं को सुनिश्चित किए जाने की प्रमुख मांग रखी। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं एवं आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री संजय शेखर शर्मा द्वारा किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रेषित किया जाएगा तथा यथाशीघ्र उचित कार्यवाही के प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर संघटन पदाधिकारी पवन मेहता, राजेश सक्सेना, विश्वास नायक गांवकर, पवन शर्मा, विनोद, मंगलेश मेहरा, पिंकी सोनी, श्रीमती प्रफुल्ल सोहंदिया, आकाश भिलाला, अशोक मिश्रा, बापूजी सुमन, महेंद्र सिंह जाट, श्री घनश्याम सोनी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर




भारतीय किसान संघ ब्लॉक इकाई द्वारा मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। जिसमें भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लेकर समय समय पर शासन प्रशासन को अवगत कराते आया है। साथ ही किसानों के स्लाट बुक होने में आ रही परेशानी को दूर कर सभी किसानो के स्लाट बुक करवा कर पंजीयन पर गेहू तुलवाए जाए। कृषि पम्प के पुराने तार एव झूले हुए तार एवं खम्बे को सही किया जाए। इन्ही झूले हुए तारो की वजह से आए दिन आगजनी की दुर्घटना होती रहती है जिससे किसानों को नुकसान होता है।

पराली जलाने पर जो भी कार्यवाही शासन द्वारा किसानो पर की गई उस पर रोक लगाई जावे एवं पराली प्रबंधन के लिये शासन द्वारा उचित कार्यवाही की जाए। मण्डीयों में गेंहू समर्थन मूल्य से कम नही बिकना चाहिए इसके लिए शासन उचित प्रबंधन करें। सोलर पम्प के लिए किसानो द्वारा राशि जमा की गई उन्हें तुरुन्त सोलर पम्प लगाकर दिया जाए। तहसीलदार के यहाँ रास्ते के जितने भी लंबित प्रकरण हैं उनका समय पर निराकरण कराया किया जाए जिससे किसानों को आने जाने में परेशानी न हो। ग्राम कलालीमाताजी में दराना जाने वाला रास्ता मनरेगा से बना हुआ है उस पर कुछ लोगो के द्वारा अवैद्य कब्जा करने के कारण 60 से 70 किसानो को निकलने एवं फसल को लाने ले जाने में समस्या आती है वहां अतिक्रमण हटवाया जाए। किसानो को सेटेलाइट सर्वे मान्य नहीं है। इसलिए सैटेलाइट सर्वे बंद करने की मांग की। इस अवसर पर संभागीय सदस्य समंदरसिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष भगवानसिंह पाटीदार, जितेंद्र नागर, तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर, उपाध्यक्ष सुनील पाटीदार, चंद्र प्रकाश पाटीदार, मुरली पाटीदार सहित अन्य किसान मौजूद थे।



# प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में पुलिस की कथित ज्यादती और मनमानी के विरोध में फूलमाली समाज जिला पंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने समाज के युवाओं के साथ भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद ने बताया कि हाल ही में हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जो इंदौर के अस्पताल में भर्ती है। घायल के शरीर पर 4-5 चाकू के घाव होने के बावजूद आरोपियों पर केवल हल्की धाराएं लगाकर छोड़ दिया गया, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खारिया मोहल्ले के एक युवक को पुलिस ने 24 घंटे तक थाने में बैठाकर प्रताड़ति किया और बाद में निर्दोष पाकर छोड़ दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूर्व में भी प्राणघातक हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया था, जिसमें 7 दिनों में कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शुक्रवार को घायल युवक विमल के पिता कैलाश पुष्पद को भी पुलिस द्वारा घर से उठाकर थाने ले जाया गया, जिन्हें बाद में एसपी के निर्देश पर छोड़ दिया गया। इस दौरान एसपी अमित तोलानी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## 28 अप्रैल को थाने के घेराव की चेतावनी

फूल माली समाज ने 28 अप्रैल को राजगढ़-गुना इकाई के बैनर तले सारंगपुर थाने का घेराव कर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, जिला सचिव महेश पुष्पद, संगठन मंत्री नीरज पुष्पद, महामंत्री महेंद्र पुष्पद, उपाध्यक्ष रामबाबू पुष्पद सहित समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बोलेरो व बाइक की भिड़ंत में दो की मौत, चालक गंभीर घायल



**सारंगपुर।** मंगलवार को पड़ाना चौकी क्षेत्र के ग्राम करौंदी जोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बोलेरो जीप और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो वाहन पलटी खा गया। हादसे में बाइक सवार नवीन नायक निवासी अलूनी और अशोक शर्मा निवासी पड़ाना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बोलेरो चालक अर्जुन पिता मुंशीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस एवं एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों व मृतकों को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नवीन नायक और अशोक शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल चालक अर्जुन का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिए। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तपती गर्मी में मटकों की बढ़ी मांग, ठंडे पानी के लिए लोगों का भरोसा फिर लौटा



**सारंगपुर।** इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ नजर आ रहा है। तापमान लगातार बढ़ने के साथ ही लोगों का रुझान पारंपरिक साधनों की ओर बढ़ रहा है, खासकर ठंडा पानी पाने के लिए मिट्टी के मटकों की मांग तेजी से बढ़ गई है। नगर के विभिन्न स्थानों पर कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए मटके, घड़े और सुराही की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। गर्मी के मौसम में मिट्टी के बर्तन न केवल पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखते हैं, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माने जाते हैं। प्लास्टिक और फ्रिज के ठंडे पानी की तुलना में मटके का पानी अधिक शीतल और स्वादिष्ट होता है। यही कारण है कि लोग एक बार फिर पारंपरिक विकल्पों को अपनाने लगे हैं। स्थानीय कुम्हारों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में उनकी बिक्री बढ़ जाती है, लेकिन इस बार तापमान अधिक होने से मांग और भी ज्यादा है। कई कारीगर दिन-रात मेहनत कर मटकों का निर्माण कर रहे हैं ताकि बाजार की जरूरत पूरी की जा सके। इससे उनके रोजगार को भी मजबूती मिल रही है।
दूसरी ओर, आम नागरिक भी मटकों को किफायती और उपयोगी विकल्प मान रहे हैं। कम कीमत में उपलब्ध ये मटके बिजली की खपत के बिना ठंडा पानी उपलब्ध कराते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। कुल मिलाकर, भीषण गर्मी के बीच मटकों की बढ़ती मांग ने एक बार फिर पारंपरिक जीवनशैली और स्थानीय कारीगरों की अहमियत को उजागर कर दिया है।

### नगर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का चल रहा आयोजन

# गुर्जर समाज ने बनवाया मंदिर, कल विराजेंगे भगवान देवनारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मध्य प्राचीन समय से स्थित भगवान देवनारायण का गुर्जर समाज द्वारा मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब समाज समिति द्वारा पंच दिवसीय आयोजन किया जा रहा। इस तारतम्य के शुरुआत में नगर में कलश शोभायात्रा निकालने के साथ ही पांच दिवसीय महोत्सव का श्री गणेश हुआ। यज्ञाचार्य पं. टीकाराम दुबे गागोरनी वाले के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चारण किया जा रहा। गुर्जर समाज द्वारा मुख्य वेदी यजमान, वेदी यजमान, कलश चढ़ाने के लिए समाज बंधुओं के नाम तय किए गए। जिनमें कलश चढ़ाने के यजमान रामचंद्र गुर्जर शिक्षक, मुख्य वेदी यजमान दिनेश गुर्जर महर्षि स्कूल प्राचार्य सहित यजमान कमल गुर्जर , सूजानसिंह गुर्जर, सांवरिया गुर्जर, शोभाराम गुर्जर, हेमराज गुर्जर, पवन गुर्जर ऊंचावदा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं। भगवान देवनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन 18 अप्रेल 26 से श्री गणेश हुआ, जो 23 अप्रैल 2026 गुरूवार को प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति उपरांत महाप्रसादी के साथ संपन्न होगा।

### जिलाधिकारियों से की प्रेरक मुलाकात

# सिविल सेवा दिवस पर प्रशासनिक तंत्र से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कल स्वामी विवेकानंद विद्यालय, राजगढ़ के विद्यार्थियों ने जिले के सिविल सेवा अधिकारियों से भेंट कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया से भेट की। अधिकारीगणों ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा।

जिलाधीश ने जब एक बच्चे से पूछा की तुम्हे क्या बनना है ? प्रश्न के उत्तर में विद्यार्थी ने कहा की वह सर्वप्रथम एक अच्छा इंसान बनना चाहता है। इस उत्तर से कलेक्टर अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे जीवन में जिस भी पद पर पहुँचें, पर पहले एक अच्छे इंसान और अच्छे नागरिक बने और अपने परिवार और समाज की सेवा को सर्वोपरि रखें। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने विद्यार्थियों को अपने पास बैठाकर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए काड्र्स को देखकर उन्होंने राष्ट्रीय प्रतीक एवं तिरंगे के रंगों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य ए. साहा एवं उप-प्राचार्य श्रीमती श्वेता व्यास को बच्चों के कीर्तिमान भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।



## डिप्टी कलेक्टर ने भी किया सार्थक संवाद

डिप्टी कलेक्टर ज्योति बगवैया ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में देश सेवा करने तथा समाज और परिवार के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भी भविष्य में इन अधिकारियों के पदचिह्नों पर चलते हुए देश सेवा करने तथा समाज और परिवार के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## आधार संशोधन: डाकघरों में 25 को विशेष कैंप

**राजगढ़।** आधार कार्ड में संशोधन एवं अपग्रेडेशन के लिए हेडपोस्ट ऑफिस सहित जिले के अन्य डाकघरो में 25 अप्रैल को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 8 बजे से लगने वाला यह विशेष शिविर शाम 5 तक चलेगा। इस हेतु संबंधित व्यक्तियों को 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को टोकन प्रदान किए जाएंगे ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, कैलाश Dangi/ रंगलाल dangi , निवासी ग्राम पगारी, पोस्ट पगारा, तहसील Biaora, जिला राजगढ़ (म.प्र.) 465674, यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी पुत्री का नाम सभी दस्तावेजों में "बबली dangi" दर्ज है। उसकी जन्मतिथि 01-06-2010 है। अब हमने उसका नाम बदलकर "मुस्कान dangi" कर दिया है। भविष्य में उसे "मुस्कान dangi" के नाम से जाना और पहचाना जाएगा।
इस परिवर्तन की जानकारी सभी संबंधित विभागों और व्यक्तियों को दी जाती है।